# गोविन्दगढ़ तालाब में रिसाव से मचा हड़कंप, लोग भयभीत

## तीन जिलों की सीमा से लगे इस तालाब की पानी संग्रहण क्षमता किसी बड़े बांध से अधिक

नवभारत न्यूज

**सतना / रीवा / मैहर 16 अगस्त, संभाग के तीन जिलों की सीमा से लगे सैकड़ों वर्ष पुराने गोविंदगढ़ तालाब में रविवार की देर शाम रिसाव की सूचना से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया किसी बड़े बांध की संरचना वाले इस तालाब में संग्रहित पानी की क्षमता का अंदाजा सहजता से नहीं लगाया जा सकता है.**

फिलहाल सूचना पर प्रशासन सक्रिय हो चुका है दूसरी ओर आसपास के दो दर्जन गांव के निवासियों में भय व्याप्त है.विंध्य के सबसे बड़ा तालाब में शुरू हुआ पानी का रिसाव से दो दर्जन से ज्यादा गांवों पर संकट पैदा हो गया है. रीवा और मैहर जिले की सीमा पर स्थित विंध्य क्षेत्र के बड़े तालाब गोविंदगढ़ तालाब में लगातार जलभराव के चलते पानी धीरे धीरे कर के बाहर निकलने लगा है। तालाब में रिसाव की खबर सामने आते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है और प्रशासनिक अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि तालाब का पानी बाहर आने के कारण मैहर जिले के मुकुंदपुर, धोबहट सहित दो दर्जन से अधिक गांवों के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। यदि पानी का रिसाव लगातार बना रहा तो जल्द तालाब भी फूट सकता है कई गांवों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो सकती है। घटना की सूचना मिलने पर मैहर कलेक्टर विदिशा मुखर्जी के निर्देश पर एसडीएम डॉ आरती सिंह द्वारा तहसीलदार को मौके पर पहुंचे, उन्होंने गोविंदगढ़ सीएमओ से चर्चा की है, इस मामले को लेकर दोनों जिले का प्रशासन अलर्ट मोड में है, वही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि यह तलाव का पानी ही रिस रहा है जबकि प्रशासन इसे अफवाह मान रहा है, फिलहाल मौके पर तसीलदार सहित पुलिस मौजूद है और पानी के रिसाव के संबंध में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।





### अधिकारिक तौर पर बताया गया रिसाव कम

रीवा जिले के गोबिंदगढ़ जलाशय में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी द्वारा बांध की आरडी 3750 से 3800 एम के मध्य दो स्थानों पर आधा एचपी से भी कम जल का रिसाव सम्बन्धित सूचना दी गई है। स्थल निरीक्षण करने पर रिसाव आधा एचपी से कम अर्थात् अत्यंत मामूली देखा गया एवं जल के रिसाव में किसी तरह की कोई वृद्धि नहीं पाई गई एवं पानी का रंग स्वच्छ पाया गया जिससे यह पता चलता है कि बांध का जल रिसाव निर्धारित सीमा के भीतर है। एवं किसी भी प्रकार से बांध का क्षरण नहीं हो रहा है । स्थानीय लोगों में बांध क्षतिग्रस्त होने संबंधी भय व्याप्त है। जबकि तकनीकी आधार पर स्थल पर विषम परिस्थिति के निर्मित होने की संभावना नहीं है। रबी सिंचाई के पश्चात बांध का जल स्तर कम होने पर जल रिसाव रोकने संबंधी उपचार कार्य करा लिया जावेगा।


वॉक-इन इंटरव्यू

SOLAR

सोलर इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड, भारत की अग्रणी विस्फोटक निर्माण कंपनी, अपनी चाकडोह, नागपुर स्थित निर्माण इकाई के लिए निम्नलिखित पदों पर योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों की भर्ती हेतु वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित कर रही है।

फिटर (मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल / इंस्ट्रुमेंटेशन)

| | |
|---|---|
| अनुभव | 6 से 8 वर्ष |
| योग्यता | आईटीआई उत्तीर्ण (फिटर / मैकेनिक / इलेक्ट्रीशियन / इंस्ट्रुमेंट मैकेनिक / इंस्ट्रुमेंटेशन ट्रेड) |
| वेतन | ₹27000 - ₹28000 प्रति माह |
| समय | प्रातः 9:30 बजे से सायं 4:00 बजे तक |
| स्थान | पराते सभागृह, खामला चौक, नागपुर |
| दिनांक | 21 अगस्त 2026 |

इच्छुक उम्मीदवार अपने अद्यतन बायोडाटा, टी.सी., मार्कशीट/सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, पॅन कार्ड, बैंक पासबुक, शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाणपत्रों की प्रतियों तथा पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हों ।


# कमिश्नर ने देयकों में काट-छांट व भंडार क्रय नियम का उल्लंघन पर लेखापाल को किया निलंबित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 अगस्त, रीवा, 16 अगस्त, रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने कलेक्टर सतना के प्रस्ताव के आधार पर आशुतोष मिश्रा लेखापाल तत्कालीन माता शबरी आवसीय कन्या शिक्षा परिसर सोहावल वर्तमान में शासकीय आदिवासी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भमरहा रामनगर जिला मैहर के विरुद्ध देयकों में काट-छांट एवं भंडार क्रय नियम का उल्लंघन करने पर निलंबित कर दिया गया है**

आयुक्त ने आदेश में इस लापरवाही स्वेच्छाचारिता एवं गंभीर वित्तीय अनियमितता करने के कारण मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. निलंबन अवधि में आशुतोष मिश्रा का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर जिला मैहर नियत किया गया है. श्री मिश्रा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी. उल्लेखनीय है कि आशुतोष मिश्रा तत्कालीन लेखापाल शाखा प्रभारी माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर सोहावल के द्वारा गणपति ट्रेडर्स के देयक में काट-छांट कर परिवर्तित राशि प्रस्तुत करने, प्राचार्य के हस्ताक्षर संदिग्ध पाए जाने, सब्जी क्रय हेतु संबंधित फर्म से दिनांक विहिन कोटेशन प्राप्त कर स्वयं अपने हस्ताक्षर से कोटेशन ओपन करने, प्राचार्य के स्थान पर जिला कार्यालय से क्रय आदेश जारी कराए जाने तथा पूर्व में भुगतान किए जा चुके सब्जी देयकों का दोहरे भुगतान हेतु प्रस्तुत किए जाने की गंभीर अनियमितता पाई गई. अत: कलेक्टर जिला सतना के प्रस्ताव के आधार पर कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने आशुतोष मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.

# नदी नहाने गये दो बच्चों की जल समाधि, रेस्क्यू कर निकाला शव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 अगस्त, मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में शनिवार शाम नहाने गए दो बच्चों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई.**

बताया गया की दोनों 15 अगस्त के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद नदी में नहाने गए थे, जहा पानी का बहाव तेज होने के कारण दोनों गहराई में चले गए और डूब गए. फिलहाल रविवार की सुबह पुलिस एवं एसडीएआरएफ की टीम ने करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद दोनों के शव बरामद कर लिए है.

जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय प्रकाश सिंह और 13 वर्षीय ऋतिक मिश्रा निवासी हरदी तिवारियान, नईगढ़ी के संस्कारधानी विद्यालय में कक्षा छठवीं के छात्र थे. शनिवार को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोनों घर पहुंचे और भोजन करने के बाद नहाने के लिए नदी की ओर चले गए. नदी में पानी अधिक होने और तेज बहाव के चलते दोनों गहरे पानी में चले गए. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तलाश शुरू की, लेकिन देर शाम तक दोनों का पता नहीं चला. रात में अंधेरा होने के कारण स्क्रत्रत्र की टीम ने भी सर्चिंग रोक दी गई. वही रविवार की आज सुबह एसडीएआरएफ ने दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. सुबह करीब 6 बजे प्रकाश सिंह का शव बरामद कर लिया गया. वहीं दूसरे बच्चे का शव करीब 11 बजे घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूर झाड़ियों में फंसा मिला. नदी का रास्ता काफी संकरा और दुर्गम था, जिससे रेस्क्यू बोट से सर्चिंग में परेशानी हो रही थी. टीम ने पानी में उतरकर कॉम्बिंग की और करीब पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद दूसरे किशोर का शव बरामद किया.

# खेत तालाब में डूबने से दो बालकों की मौत, हस्तिनापुर में पसरा मातम

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 अगस्त, जिले के सेमरिया थानांतर्गत पुलिस चौकी बम्हनी के ग्राम हस्तिनापुर में रविवार दोपहर करीब 1.30 बजे खेत में बने तालाब में नहाने गए दो बालकों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।**



जानकारी के अनुसार हस्तिनापुर निवासी अर्पित केवट पिता ओमप्रकाश केवट उम्र करीब 8 वर्ष तथा पंकज केवट पिता रमेश केवट उम्र करीब 14 वर्ष खेत तालाब में नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान तालाब में अधिक पानी होने के कारण दोनों बालक गहरे पानी में डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों बालकों को बाहर निकालकर तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बम्हनी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए मामले की जांच एवं विवेचना शुरू कर दी। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। एक साथ दो मासूमों की मौत से हस्तिनापुर गांव में शोक की लहर है। इस दर्दनाक हादसे ने दो परिवारों के चिराग बुझा दिए और पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों के बीच खेत तालाबों में सुरक्षा के इंतजाम और बच्चों के वहां जाने पर निगरानी की आवश्यकता को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।

# कटनी-सिंगरौली 232 किमी बनेगी फोर लेन सड़क

## प्रदेश को हाई-स्पीड कनेक्टिविटी की नई दिशा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 अगस्त। म.प्र. सड़क विकास प्राधिकरण के द्वारा प्रदेश को हाई-स्पीड कनेक्टिविटी को नई दिशा देने के लिए एनआईटी जारी किया है।**

जानकारी के अनुसार कटनी से सिंगरौली 232 किलोमीटर लम्बी फोर लेन सड़क भी शामिल है। बताया जा रहा है कि इसकी लागत करीब 571 करोड़ रूपये है और कार्य पूर्ण करने की अवधि एक साल नियत किया गया है। एनआईटी में विधिवत जानकारी दी गई है और इसे कॉरीडोर प्रोजेक्ट के रूप में है।

इस सड़क की मंजूरी मिलने पर भाजपाइयों ने कहा कि प्रदेश सरकार को केन्द्र सरकार के द्वारा 4 नये ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेस-वे प्रस्तावित है। इससे औद्योगिक और आर्थिक विकास को नया बल मिलेगा।

# सेवा संकल्प के रूप में आज मनाया जाएगा उप मुख्यमंत्री का जन्मदिन

## ऑडिटोरियम में होगा कार्यक्रम

नवभारत न्यूज



**रीवा, 16 अगस्त, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का 17 अगस्त को जन्मदिन पार्टी द्वारा सेवा संकल्प के रूप में मनाया जाएगा.**

भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 17 अगस्त को शाम 5:00 बजे राज कपूर ऑडिटोरियम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का जन्मदिन मनाया जाएगा. जिसमें रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा सहित विधायक गण उपस्थित रहेंगे. इसके साथ ही सुबह लक्ष्मणबाग गौशाला में भी कार्यक्रम हुआ और सुबह 10 बजे मनकामेश्वर मंदिर में 108 किलो पीतल के घंटे को विराजमान किया जाएगा और दोपहर उप मुख्यमंत्री के जन्मोत्सव में मनगवां में कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12 बजे किया जाएगा. सभी से पहुंचने की अपील की गई है.


पश्चिम मध्य रेल


''सार्वजनिक सूचना''

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक **18.08.2026 एवं 19.08.2026** को पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा **रीवा-सीधी नई ब्रॉडगेज रेल लाइन परियोजना के रामपुर नैकिन-चुरहट रेल खण्ड** का **Commissioner of Railway Safety (CRS)** द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। **CRS निरीक्षण पूर्ण होने के पश्चात दिनांक 19.08.2026 को रामपुर नैकिन-चुरहट रेल खण्ड पर उच्च गति से ''स्पीड ट्रायल'' भी किया जाएगा।** अतः सभी नागरिकों से अनुरोध है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान **रेलवे ट्रैक से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा रेलवे ट्रैक/ रेलवे परिसर के समीप न जाएं एवं किसी भी स्थिति में रेलवे ट्रैक पर प्रवेश न करें।** अतः सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे रेलवे भूमि के अंदर, **खुले हुए समपार फाटक जैसे अधिकृत स्थानों को छोड़कर, किसी भी प्रकार का अनाधिकृत प्रवेश न करें।** रेलवे भूमि में अनाधिकृत प्रवेश **भारतीय रेल अधिनियम, 1989 की धारा 147** के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है, जिसके लिए **06 माह तक का कारावास अथवा ₹ 1,000/- तक का जुर्माना अथवा दोनों** का प्रावधान है। **सभी नागरिकों से रेलवे प्रशासन के साथ सहयोग करने तथा अपनी एवं अन्य लोगों की सुरक्षा हेतु रेलवे ट्रैक से पर्याप्त दूरी बनाए रखने का अनुरोध किया जाता है।**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, सीधी

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# मासूम के साथ दुष्कृत्य, आरोपी सीआरपीएफ जवान गिरफ्तार



▸ जम्मू- कश्मीर में आरोपी जवान की थी पोस्टिंग

नवभारत न्यूज

**मझौली 16 अगस्त, जिले के मझौली थानांतर्गत एक 3 साल 11 माह की बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में सीआरपीएफ के जवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बच्ची के घर के पड़ोस में रहता है। पुलिस ने दो टीमों में 8 जवानों को लगाकर उसकी तलाश की।**

घेराबंदी करते हुए आरोपी को गांव से करीब 20 किलोमीटर दूर सुनसान जगह से पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक 14 अगस्त की रात बच्ची घर से बाहर गई थी। रात करीब 9 बजे वह रोते हुए वापस लौटी और मां को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने 15 अगस्त को मझौली थाने में शिकायत दर्ज कराई। बच्ची का स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल कराया गया। पुलिस ने शिकायत के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। दो टीमों में चार-चार पुलिसकर्मी शामिल थे। तलाश के दौरान आरोपी गांव से करीब 20 किलोमीटर दूर सुनसान जगह पर मिला, जहां घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मां ने पुलिस को बताया कि बच्ची रात में घर से बाहर गई थी। काफी देर तक वापस नहीं आने पर वह उसे तलाश रही थीं। रात करीब 9 बजे बच्ची रोते हुए उनके पास पहुंची और घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने अगले दिन थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। मझौली पुलिस ने मामले में पास्को एक्ट और संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर में है। वह 1 अगस्त को 20 दिन की छुट्टी लेकर गांव आया था। उसकी उम्र करीब 59 साल है और अगले साल वह रिटायर होने वाला था। बताया गया है कि पीड़िता के माता-पिता मजदूरी करते हैं। बच्ची उनकी पहली संतान है।

### इनका कहना है

मझौली थानांतर्गत एक 3 वर्ष 11 माह की बच्ची के साथ बलात्कार होने की सूचना प्राप्त हुई थी। वरिष्ठ अधिकारियों को इससे अवगत कराते हुए दो टीमों का गठन कर आरोपी को थाना लाया गया। आरोपी ने पूंछतांछ के दौरान अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी वर्तमान में सीआरपीएफ में पदस्थ है।

**विशाल शर्मा, थाना प्रभारी मझौली**

# कैंडल मार्च के दौरान भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने

## झूमाझटकी के बीच पुलिस ने किया बीच-बचाव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 अगस्त, भाजपा द्वारा वंदे मातरम् के कथित अपमान के विरोध में सिरमौर चौराहे से कांग्रेस कार्यालय तक कैंडल मार्च निकाला गया. कांग्रेस कार्यालय के सामने पहुंचने पर भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गये. पहले से तैनात पुलिस ने बीच-बचाव किया. दोनो तरफ से जमकर नारेबाजी और झूमाझटकी हुई.**



कैंडल मार्च में सांसद जनार्दन मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए. नई दिल्ली स्थित एआईसीसी कार्यालय में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र गौरव वंदे मातरम गीत के अनादर के विरूद्ध जिले में विरोध प्रदर्शन किया गया. कैंडल मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यालय के सामने कार्यकर्ताओं ने वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया. भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय में वंदे मातरम् के अपमान की घटना को लेकर विरोध दर्ज कराया तथा सोनिया गांधी द्वारा वंदे मातरम् के अपमान के प्रति भी नाराजगी व्यक्त की. इसी दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता और भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए. झूमाझटकी की स्थित निर्मित हो गई और दोनो तरफ से नारेबाजी हुई. इस दौरान रीवा-रतहरा मार्ग में जाम लग गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों को अलग किया तब जाकर आवागमन बहाल हुआ.















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99